कार्यालय अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी, राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला समिति, सुन्दरनगर, जिला मण्डी, हि0प्र0।

क्रमांक–उ0म0अ0(ना0)सु0नगर/मेला/2022– 213-15 दिनांक 09 मार्च, 2022.

"निविदा सूचना"

सुन्दरनगर राज्य स्तरीय नलवाड़ व सुकेत देवता मेला (22 से 28 मार्च व 06 से 10 अप्रैल, मेला 2022) तक मनाये जा रहे है, उपरोक्त मेलों के दौरान शहर की सुन्दरता हेतु बिजली की लड़ियाँ **(Decorative Lights)** इत्यादि जिनकी विस्तृत जानकारी **Tender Form** में दी गई है, यह लाईटें चतरोखड़ी **(Red light)** से ललित चौक तथा पुंग से सुखदेव वाटिका तक (राष्ट्रीय उच्च मार्ग–21) के दोनों तरफ लगाई जानी है जिसके लिए निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, आमंत्रित की गई निविदा दिनांक 15–03–2022 को सांय 12:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त हो जानी चाहिए व प्राप्त निविदाएं उसके तुरन्त बाद गठित समिति द्वारा निविदाताओं के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली दी जाएगी, जिस निविदाता का मूल्य सबसे न्यूनतम होगा उसे आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा ।

नियम व शर्तें

1. निविदा में निविदा दरें समस्त करों (including GST) सहित दर्शायें ।
2. **सजावटी लाईटों (Decorative Lights) इत्यादि दर प्रति लड़ी/प्रति दिन के हिसाब से दर्शानी होगी।**
3. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि यह बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को अस्वीकार या समय/तिथि में बदलाव कर सकता है।
4. उपरोक्त सजावटी लाइटें **(Decorative Lights)**इत्यादि दिनांक 21.03.2022 को दोपहर 2:00 बजे तक पूर्ण रूप से लगाई जानी सुनिश्चित करनी होगी तथा यह लाईटें दिनांक 21–03–2022 से 10–04–2022 रात तक लगी रहेगी ।
5. निविदा फॉर्म 10–03–2022 से अध्यक्ष (एस0डी0एम0), राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला, सुन्दरनगर के कार्यालय में विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे।
6. ठेके का कार्य जिस व्यक्ति/ठेकेदार को दिया जाएगा, वह इकरारनामा में वर्णित नियम एवं शर्तों के आधार पर कार्य करना सुनिश्चित करेगा ।

अध्यक्ष–एवं–एस0डी0एम0,
राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला समिति,
सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)।

पृ0संख्या–उपरोक्त/2022– 213-15 दिनांक 09 मार्च, 2022.

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित है:–

1. निविदायें इत्यादि बुलाने व खोलने हेतु गठित समिति के समस्त सदस्यों को भेजकर अनुरोध है कि वे उक्त तिथि को निविदा खोलने के समय इस कार्यालय में उपस्थित रहें ।
2. इस कार्यालय, तहसील, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, सुन्दरनगर तथा सहायक लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय सुन्दरनगर के नोटिस बोर्ड पर आम जनता व इच्छुक बोलीदाताओं की की जानकारी हेतु सूचनार्थ प्रेषित है।

अध्यक्ष–एवं–एस0डी0एम0,
राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला समिति,
सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)।